राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की प्रधानमंत्री से मुलाकात

प्रदेश के विकास, संविधान जागरुकता से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की जानकारी दी

जयपुर, 18 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को राजभवन में बन रहे संविधान पार्क में भारतीय संविधान निर्माण से जुड़े इतिहास और उससे जुड़े शिल्प कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने राजभवन स्थित संविधान पार्क में निर्मित हो रहे संविधान यात्रा से जुड़े शिल्प और अन्य निर्माण कार्यों के छाया–चित्रों का एलबम भी भेंट किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के राजभवन में संविधान पार्क के निर्माण को ऐतिहासिक पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 2025 तक टीबी की बीमारी को मिटाने के लिए राजस्थान में किए जा रहे कार्यों की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। श्री मिश्र ने उन्हें बताया कि राजस्थान राजभवन में टीबी उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकाधिक निक्षय मित्र बना कर अधिकाधिक टीबी मरीजों को गोद लेने की पहल के बारे में भी उन्होंने प्रधानमंत्री को जानकारी दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मुलाकात के दौरान बताया कि राजभवन स्तर पर जनजाति परिवर्तन एकक का गठन कर जनजाति क्षेत्र में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को आदिवासी क्षेत्र के युवाओं के रोजगार एवं कौशल विकास के लिए राजभवन की पहल पर किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

श्री मिश्र ने युवाओं में संविधान के प्रति जागरूकता के लिए विष्वविद्यालयों में संविधान पार्कों के निर्माण एवं अन्य प्रयासों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी।

———————